सोमवार
25 जुलाई 2022



पृष्ठ 4
खाना खाने के बाद खाएं सौंफ



पृष्ठ 5
29 जुलाई को रिलीज होगी जाह्नवी कपूर की गुडलक जेरी



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 169
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

केवल अंग्रेजी सीखने में जितना श्रम करना पड़ता है उतने श्रम में भारत की सभी भाषाएँ सीखी जा सकती हैं।
विनोबा भावे

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## माहौल बिगाड़ने पर आमादा अराजक तत्व

विशेष संवाददाता

देहरादून। बात चाहे कावड़ यात्रा के लिए चलाई जाने वाली स्पेशल ट्रेन में बम प्लांट करने की सूचना की हो या फिर मेरठ में कांवड़ खंडित करने की अथवा बिजनौर में तीन दरगाहों में आगजनी और तोड़फोड़ की या फिर सार्वजनिक स्थानों पर नमाज अता करने की हो, देश भर में लगातार जारी इन घटनाओं के माध्यम से कुछ अराजक तत्वों द्वारा माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बीती रात दिल्ली से चलकर हरिद्वार आ रही कांवड़ यात्रा स्पेशल ट्रेन में बम प्लांट करने की सूचना मेला कंट्रोल रूम को दी गई थी। इस सूचना के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। ट्रेन को खाली कराकर जीआरपी के जवानों ने पूरी ट्रेन को खंगाला लेकिन कोई बम नहीं मिला। फर्जी सूचना देने वाले एक युवक को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। वहीं बीते कल बिजनौर में दो युवकों द्वारा शेरकोट क्षेत्र में स्थित तीन मजारों में तोड़फोड़ व आगजनी करने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। भगवा साफा पहने इन भाइयों के नाम कमाल मोहम्मद और आदिल मोहम्मद है जिनकी कुवैत तथा सऊदी अरब यात्रा की जानकारी भी मिली है दोनों भाईयों ने दरगाह भूरे शाह बाबा, जलाल शाह व कुतुब शाह बाबा की मजारों पर तोड़फोड़ की थी व चढ़ाई जाने वाली चादरों को आग लगा दी गई थी। हालांकि प्रशासन ने इन्हें तत्काल

**❑बिजनौर पहुंची आईबी व एसटीएफ की टीमें**
**❑ट्रेन में बम की सूचना देने वाला धरा गया**

गिरफ्तार तो कर ही लिया साथ ही मजारों की मरम्मत का काम भी रातों-रात करा दिया जिससे कोई बलवा न हो। लेकिन मामले की संजीदगी को देखते हुए एटीएस, आईबी और एसटीएफ की टीमें बिजनौर पहुंच गई है तथा इस घटना के पीछे उनका क्या उद्देश्य था? इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। एडीजी एलओ उत्तर प्रदेश प्रशांत कुमार का कहना है कि ऐसी घटनाओं के पीछे अराजकता फैलाने और अशांति फैलाने की कोशिशें ही है लेकिन क्या इनके तार विदेशों से जुड़े हैं या देश के अंदर ही कुछ ऐसी ताकतें काम कर रही हैं जो माहौल खराब करना चाहती हैं इसका पता लगाया जा रहा है। अभी मेरठ में भी कांवड़ खंडित करने का मामला सामने आया था लेकिन प्रशासन के सूझबूझ से इसे निपटा लिया गया था।

उधर मुरादाबाद के बिलारी क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में कुछ महिलाएं व मुस्लिम पुरुष रास्ते में चारपाई डालकर बैठ गए और कांवड़ियों का रास्ता बंद कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस-प्रशासन ने टकराव टालने के लिए कांवड़ियों को दूसरे रास्ते से भेजना पड़ा। लखनऊ से लेकर मेरठ तक मॉल और सार्वजनिक स्थानों पर नमाज पढ़ने की घटनाएं लगातार जारी है जबकि प्रदेश सरकार ने इस तरह सार्वजनिक स्थलों पर प्रार्थना और पूजा करने पर पूर्णतया पाबंदी लगा रखी है। लेकिन अराजक तत्व जानबूझकर ऐसी हरकतों को अंजाम दे रहे हैं जिससे माहौल खराब हो। प्रशांत कुमार का साफ कहना है कि इनसे सख्ती से निपटा जाएगा।

## रेखा आर्य के जलाभिषेक के आदेश पर सियासी संग्राम

विशेष संवाददाता

देहरादून। काबीना मंत्री रेखा आर्य द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शिव मंदिर जाने और जलाभिषेक कर फोटो शेयर करने के आदेश को लेकर भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच सियासी संग्राम छिड़ गया है।

काबीना मंत्री रेखा आर्य के द्वारा राज्य की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पत्र लिखकर आदेश दिया गया था कि वह शिवालयों में जाकर जलाभिषेक करें और उनकी फोटो शेयर करें। उनके इस पत्र पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा द्वारा आपत्ति जताते हुए कहा गया था कि सरकार का कोई भी मंत्री अपने विभाग के कर्मचारियों को इस तरह का आदेश कैसे दे सकता है कि उसे अमुक देवी-देवता की पूजा करनी है उनका कहना था कि यह आस्था का विषय है कौन किसकी पूजा करेगा और किसकी नहीं यह हर आदमी का अपना अधिकार है। सरकार भला कैसे किसी को बाध्य कर सकती है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग क्या अब यह तय करेंगे कि उन्हें किसकी पूजा करनी है। उन्होंने

**❑आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जलाभिषेक के आदेश देने का मामला**

कहा कि यह संवैधानिक अधिकारों का हनन है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा द्वारा जताई गई आपत्ति के बाद हालांकि काबीना मंत्री रेखा आर्य ने सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने जलाभिषेक के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रेरित किया है बाध्य किसी को नहीं किया है। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं को भ्रष्ट बताते हुए कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ बुराइयां तलाश करना है। भ्रष्ट कहे जाने पर करन माहरा ने कहा कि नेता भ्रष्ट हैं तो वह कौन से नेता है रेखा आर्य को उन नेताओं का नाम भी बताना चाहिए। उल्लेखनीय है कि अभी रेखा आर्य के द्वारा अपने घर में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में निमंत्रण दिए जाने का मामला भी चर्चाओं में रहा था। जिस पर उन्होंने कहा था कि निमंत्रण देना अलग बात है निमंत्रण पर आना न आना स्वैच्छिक है।

## पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना संक्रमण के 16,866 नए मामले दर्ज

नई दिल्ली । भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 16,866 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,39,05,621 हो गई। देश में 168 दिन बाद दैनिक संक्रमण दर सात प्रतिशत के पार पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से 41 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,26,074 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,50,877 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.34 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,323 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.46 प्रतिशत है।

आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 7.03 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.49 प्रतिशत है। देश में अभी तक 87.27 करोड़ से अधिक नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 2,39,751 लोगों की जांच पिछले 24 घंटे में की गई। देश में अभी तक कुल 4,32,28,670 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 202.17 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

## देश की 15वीं राष्ट्रपति बनीं द्रौपदी मूर्मु

नई दिल्ली। द्रौपदी मूर्मु ने देश की 15वीं राष्ट्रपति के तौर पर सोमवार को सुबह संसद के सेंट्रल हॉल में शपथ ले ली। इसके बाद देश को पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति मिली। सीजेआई एन वी रमना ने उन्हें पद की शपथ दिलाई।

राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद अपने पहले संबोधन में द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनके लिए देश के युवाओं और महिलाओं का हित सर्वोपरि होगा। उन्होंने कहा कि वे खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू समेत अन्य कई बड़े नेता संसद भवन पहुंचे। शपथ लेने से पहले द्रौपदी मूर्मु राजघाट पहुंची और वहां पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के पद तक पहुँचना,



मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, ये भारत के प्रत्येक गरीब की उपलब्धि है। मैं देश की ऐसी पहली राष्ट्रपति भी हूँ जिसका जन्म आजाद भारत में हुआ है। उन्होंने कहा कि संथाल क्रांति, पाइका क्रांति से लेकर कोल क्रांति और भील क्रांति ने स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी योगदान को और सशक्त किया था। सामाजिक उत्थान एवं देश-प्रेम के लिए धरती आबा भगवान् बिरसा मुंडा जी के बलिदान से हमें प्रेरणा मिली थी।

राष्ट्रपति ने आगे कहा कि मेरा जन्म तो उस जनजातीय परंपरा में हुआ है जिसने हजारों वर्षों से प्रकृति के साथ ताल-मेल बनाकर जीवन को आगे बढ़ाया है। मैंने जंगल और जलाशयों के महत्व को अपने जीवन में महसूस किया है। हम प्रकृति से जरूरी संसाधन लेते हैं और उतनी ही श्रद्धा से प्रकृति की सेवा भी करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि दशकों पहले मुझे रायरंगपुर में श्री ऑरोबिंदो इंटीग्रल स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्य करने का अवसर मिला था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु ने कहा कि मैं आज समस्त देशवासियों को, विशेषकर भारत के युवाओं को तथा भारत की महिलाओं को ये विश्वास दिलाती हूं कि इस पद पर कार्य करते हुए मेरे लिए उनके हित सर्वोपरि होंगे।

# दून वैली मेल


## संपादकीय

# नौकरियां बेचने का धंधा

उत्तराखंड राज्य गठन के बाद भर्तियों में किस तरह खेला हो रहा है। बीपीडीओ भर्ती घोटाला इसकी एक बानगी भर है जिसका खुलासा कल एसटीएफ द्वारा किया गया। इस मामले में भले ही एसटीएफ द्वारा बीपीडीओ भर्ती का परीक्षा पत्र लीक करने वाले 6 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे 37 लाख रूपये भी बरामद किया गया है। खुलासे में बताया गया है कि उत्तराखंड अध ीनस्थ सेवा चयन आयोग में गोपनीय काम करने वाली निजी एजेंसी के कंप्यूटर प्रोग्रामर जयजीत ने पर्चा आउट किया जिसके लिए नकल माफियाओं ने उसे 60 लाख रूपये दिए। पकड़े गए लोगों में एक आयोग का पूर्व कर्मचारी और एक कोचिंग सेंटर का मालिक है। इन लोगों ने कितने लोगों को नकल कराई और नकल के जरिए कितने लोग परीक्षा पास कर गए इसका अभी खुलासा नहीं हो सका है। कुल मिलाकर यह नकल माफिया का सुनियोजित तरीके से रचा गया षड्यंत्र था। व्यापक स्तर पर नकल हुई यह तय है इस परीक्षा में जो 854 पदों के लिए हुई थी तथा 2 लाख में से लगभग 1.5 लाख लोग पास हो गए थे। इस परीक्षा में हुई धांधली को लेकर लंबे समय से सवाल उठ रहे थे चयन आयोग भी संदेह के घेरे में था और अब साफ हो गया है कि पर्चा आयोग से ही लीक हुआ था। इसलिए सवाल यह भी उठ रहा है क्या ऐसा पहली बार हुआ है या फिर और भी परीक्षाओं में ऐसा होता रहा है। 4 दिन पूर्व इसी मुद्दे पर कांग्रेस ने सचिवालय का घेराव भी किया था। बात सिर्फ उत्तराखंड की नहीं है जिस के युवाओं को उम्मीद थी कि अलग राज्य बनने पर उनके भी अच्छे दिन आ जाएंगे। पूरे देश का और हर एक प्रदेश का कमोबेश हाल एक जैसा ही है जहां नौकरियां दलालों द्वारा बेची जाती हैं। पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ बनर्जी की 2 दिन पूर्व शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तारी हुई है और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के घर से 20 करोड़ से अधिक रुपए बरामद हुए हैं। जिस पर अब ममता सरकार को जवाब देते नहीं बन रहा है। सरकारी नौकरियों में होने वाली इस ध ांधली को सिर्फ भ्रष्टाचार के एक पहलू से ही नहीं देखा जा सकता है। वह बच्चे जो दिन रात पढ़ाई करते हैं ट्यूशन और कोचिंग के लिए पैसा खर्च करते हैं तथा किसी भी पद की परीक्षा को पास करने की योग्यता भी रखते हैं लेकिन फिर भी इस धांधली के कारण उन्हें नौकरी नहीं मिल पाती है और जो अयोग्य होते हैं वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छी रैंक हासिल कर लेते हैं वह भी सिर्फ 1 दिन पढ़ाई करके। यह स्थिति आयोग कर्मचारियों के उच्च सरकारी पद पर पहुंच जाने के दृष्टिकोण से भी घातक है। बीपीडीओ की इस परीक्षा में भी नकल माफिया ग्रुप के लोग खुद भी 42 वां व 53 वां रैंक हासिल करने में सफल रहे। सवाल यह है कि आखिर कब तक 'कौवा मोती चुनता रहेगा ' और सरकारी नौकरियों को बेचे जाने का यह धंधा कैसे रोका जा सकता है? यहां तो भर्तियों से लेकर ट्रांसफर पोस्टिंग तक में धांधली का खेल खेला जा रहा है। भ्रष्टाचार की अविरल गंगा बह रही है वह भी जीरो टॉलरेंस के दावों के बीच होकर। निश्चित ही यह चिंताजनक स्थिति है।

## गंगोत्री में गौरीकुण्ड में ये है समूची माँ गँगा

महाकाल की परिक्रमा,
करते हुए चल पड़ीं हैं माँ गँगा,
अपने गांव गंगोत्री से,
अपनी अथक यात्रा पर।।
देश के स्वालंबन को,
देश की प्यास पुझाने को,
देश की भूमि को सींचने को,
देश की गरीबी मिटाने को।।
देश की समृद्ध आर्थिकी को,
देश की भूमि को लहलहाने को,
देश के महाकुंभ को,
देश के तीर्थों को।।
देश को जीवन देने को,
देश को गुलामी से मुक्ति को,
देश की चालीस फीसदी आजीविका को,
देश की समृद्ध संस्कृति को।।
देश की पौराणिक परंपरा को,
देश के कल्याण को,
देश के प्रदूषण मिटाने को,
देश के गौरव बढ़ाने को।।
देश दुनियाँ की नदी माँ गँगा को,
देश की राष्ट्रीय नदी से प्रदूषण हटाने को,
देश की गँगा को निर्मल बहने को,
देश की गँगा को दिव्य बहने को।।
देश की गँगा को अविरल बहने को,
देश की गँगा को स्वच्छ बहने को,
देश के लोगों आगे बढ़ कसम लो,
देश की माँ को तिलक लगाने को।।



प्रस्तुति: लोकेन्द्र सिंह बिष्ट

# हर घर उच्च शिक्षा के तहत शिक्षण शुल्क में 75 प्रतिशत छूटः तोमर



संवाददाता

देहरादून। सरदार महिपाल राजेन्द्र कालेज सहिया के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने कहा कि हर घर उच्च शिक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से ही शिक्षण शुल्क में 75 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है।

आज यहां सरदार महिपाल राजेंद्र (पी.जी.) कॉलेज साहिया में चेयरमैन अनिल सिंह तोमर की अध्यक्षता में महाविद्यालय प्रवेश समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में प्राचार्य डॉ रेनू गुप्ता ने बताया कि श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सत्र 2022-23 में प्रवेश सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत किए जाएंगे। डॉ रेनू गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय में बीए, बीकॉम, एम.ए. हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, इतिहास व शिक्षाशास्त्र विषयों के साथ-साथ रोजगार परक पाठ्यक्रमों में पी.जी. डिप्लोमा इन योगा, मास कम्युनिकेशन, होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित है जिसमें इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकेंगे। डॉ. रेनू गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश समिति का गठन किया गया है जिसमें प्रियंका सहायक प्राध्यापिका अंग्रेजी को प्रवेश प्रभारी स्नातक पाठ्यक्रम, मनोजा चौहान सहायक प्राध्यापिका गृह विज्ञान को प्रवेश प्रभारी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एवं डॉ रवि कुमार सहायक प्राध्यापक भूगोल को प्रवेश प्रभारी व्यवसायिक पाठ्यक्रम नियुक्त किया गया है।

तोमर ने कहा कि महाविद्यालय जनजातीय क्षेत्र जौनसार बाबर के साहिया में अवस्थित है जिस क्षेत्र के सैकड़ों छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा एवं रोजगार परक शिक्षा लेने से वंचित रह जाते है। प्रबंध समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि हर घर उच्च शिक्षा पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। जिसके अंतर्गत जनजातीय क्षेत्र जौनसार बाबर के छात्र छात्राओं को सभी पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क में 75 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है।

शिक्षण शुल्क में छूट देना हर घर उच्च शिक्षा पहुँचना है। ताकि जनजातीय क्षेत्र का कोई भी छात्र व छात्रा उच्च शिक्षा एवं रोजगार परक शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न हो सके। बैठक में वरिष्ठ प्राध्यापक दीपक बहुगुणा, श्रीमती इन्द्रा सहायक प्रसासनिक अधिकारी गम्भीर सिंह, व्यक्तिक सहायक रितेश चौहान, शिक्षणेत्तर कर्मचारी किरन चौहान, प्रियंका तोमर, रितिका चौहान, सुनीता, मोनू कुमार आदि उपस्थित रहे।

# टिहरी राज्यक्राति में सुमन का बलिदान अविस्मरणीयः गामा



संवाददाता

देहरादून। मेयर सुनिल उनियाल गामा ने कहा कि टिहरी राज्यक्रांति में श्रीदेव सुमन का बलिदान अविस्मरणीय रहा है।

आज यहां टिहरी रियासत के स्वतंत्रता संग्राम जिसे टिहरी राज्यक्रांति भी कहा गया में अमर शहीद श्री देव सुमन का बलिदान अविस्मरणीय है उन्हीं के बलिदान के कारण तत्कालीन टिहरी राज्य का विलय भारतीय गणतंत्र में हो सका। ध र्मपुर विधानसभा के नया टिहरी नगर के सार्वजनिक सभागार में स्वर्गीय सुमन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात महापौर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि स्वर्गीय सुमन के बलिदान ने राज्य की जनता में क्रांति की आग पैदा की। धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने स्वर्गीय श्री देव सुमन को याद करते हुए कहा कि ऐसे बलिदानी महापुरुषों के कारण ही समाज न सिर्फ सवालों से जूझता है बल्कि उनके समाधान भी निकालता है, तत्कालीन राजशाही से तृस्त जनता को मुक्ति दिलाने में स्वर्गीय सुमन का अद्वितीय योगदान है। स्वर्गीय सुमन ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर अपनी मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्य को निभाया जिसके लिए वे सदा याद किए जाएंगे। महापौर सुनील उनियाल गामा तथा विधायक विनोद चमोली ने कार्यक्रम के पश्चात नया टिहरी नगर पार्क में लग रही स्वर्गीय श्रीदेव सुमन की प्रतिमा से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी राजीव उनियाल, पार्षद दर्शन लाल बिंजोला ,महानगर सोशल मीडिया सह प्रभारी भुवनेश कुकरेती, भाजपा नेता रमेश चंद्र गौड़, वीर सिंह पवार, गिरिराज उनियाल, गणेश उनियाल, समिति अध्यक्ष मुनींद्र सेमवाल, सचिव गिरीश पैन्यूली, कोषाध्यक्ष बिजेंद्र पंत, महेश चंद्र गैरोला, कामता प्रसाद नौटियाल ,जनार्दन खंडूरी ,जी पी भट्ट ,शिवम पांडे,अमित वर्मा ,विमला पैन्यूली, निधि जोशी ,सविता भट्ट सहित दर्जनों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

अविष्टो अस्मान्विश्वासु विक्ष्वद्युं कृणोत शंसं निनित्सोः।

(ऋग्वेद ७–३४–१२)

हम प्रजा के मध्य रहते हुए भी सुरक्षित हों। जो हमारे आलोचक हैं, वो हमारा कुछ भी ना बिगाड़ पाएं। उनकी आलोचना हमारी प्रशंसा में परिवर्तित हो जाए।

May we be safe even while living among the people. Our critics should not be able to harm us. Let their criticism turn into our praise. (Rig Ved 7-34-12)

## समिति ने किया श्रीदेव सुमन को याद

देहरादून। श्री देव सुमन जी की पुण्यतिथि के अवसर पर नेताजी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें याद किया। स्मरण रहे कि श्री देव सुमन ने राजशाही के खिलाफ 84 दिनों तक भूख हड़ताल की थी जिसका परिणाम यह हुआ कि उन्हें अपने प्राण नौछावर करने पड़े। आज हमें उनके जीवन से सख्त प्रेरणा लेने की आवश्यकता है कि अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज को हमेशा बुलंद रखे। श्री देव सुमन को याद करने वालों में समिति के प्रभात डंडरियाल, आरिफ वारसी, अरुण खरबंदा,राजकुमार बत्रा ,प्रवीण शर्मा,राम सिंह प्रधान, मनोज सिंघल, दानिश नूर, सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

## संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत

देहरादून। संदिग्ध स्थिति में घर के बाहर सो रहे युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एलजी प्लाट रायवाला निवासी अजय ने फोन से रायवाला थाना पुलिस को सूचना दी कि उसके चाचा का लडका अनिल गत रात्रि में शराब पीकर घर के बाहर सो गया था। आज प्रात: जब परिवार के लोग बाहर आये तो अनिल मृत पडाा था। सूचना मिलते ही रायवाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गरीब महिलाओं को की छतरी वितरित



नगर संवाददाता

देहरादून। देहरादून महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सम्पूर्ण समर्पण फाउण्डेशन के सौजन्य से आज राजपुर विधानसभा क्षेत्र के डालनवाला में दुर्गा मन्दिर मोहिनी रोड पर गरीब महिलाओं के छतरी वितरित की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार, महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा तथा सम्पूर्ण समर्पण फाउण्डेशन की अध्यक्ष अनिता शर्मा मौजूद रही।

ज्ञातव्य हो कि सम्पूर्ण समर्पण फाउण्डेशन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं। चाहे कोरोना काल में निःशुल्क रक्तदान शिविरों का आयोजन हो या अन्य अवसर, फाउण्डेशन ने हमेशा आगे बढकर गरीब परिवारों एवं जरूरतमंदों की मदद की जाती रही है।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा एवं पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि अनिता शर्मा एक जानीमानी समाज सेविका हैं जिन्होंने सदैव गरीब परिवारों की मदद के लिए हाथ आगे बढाये हैं तथा हमें विश्वास है कि उनकी संस्था आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेंगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार, पार्षद निखिल कुमार, रघुनंदन शर्मा, विवेक चौहान, राजेंद्र खन्ना,अभय उनियाल, डिके शर्मा, बिट्टू पवार, राकेश आदि शामिल रहे।

## वाहन दुर्घटना में घायल को एसडीआरएफ ने पहुंचाया अस्पताल

संवाददाता

रुद्रप्रयाग। तिलवाडा के पास वाहन दुघर्टना में घायल व्यक्ति को एसडीआरएफ ने सकुशल बाहर निकाल अस्पताल पहुचाया।

आज यहां देर रात्रि कंट्रोल रूम रुद्रप्रयाग द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया कि तिलवाड़ा के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। उक्त सूचना पर पोस्ट अगस्त्यमुनि से हरीश बंगारी के हमराह रेस्क्यू टीम तत्काल रेस्क्यू हेतु रवाना हुई। घटनास्थल पर एक आल्टो कार सड़क से लगभग 200 मीटर खाई में दुर्घटनाग्रस्त हुई थी जिसमे एक ही व्यक्ति सवार था। एसडीआरएफ टीम द्वारा रोप की सहायता से खाई में उतरकर घायल व्यक्ति तक पहुँच बनाई जिसके उपरान्त घायल को रोप स्ट्रैचर की सहायता से मुख्य मार्ग तक पहुँचाया। घायल व्यक्ति को मुख्य मार्ग तक पहुँचाने के उपरांत तत्काल 108 चिकित्सा सेवा के माध्यम से अस्पताल पहुँचाया गया। घायल व्यक्ति की पहचान शैलेश कुमार पुत्र कुंदन लाल, निवासी- तिलवाड़ा रुद्रप्रयाग के रूप में हुई।

## नौ दिवसीय महाशिवपुराण सम्पन्न, पूर्णाहुति के साथ हुआ भंडारा व वृक्षारोपण

नगर संवाददाता

देहरादून। महाशिवपुराण के आखिरी दिन डालनवाला जन कल्याण समिति द्वारा भंडारा एवम वृक्षारोपण का आयोजन एमडीडीए कालोनी सामुदायिक भवन चंदर रोड में किया गया। नौ दिवसीय महाशिवपुराण कथा का समापन महामृत्युंजय जाप एवम पार्थिव शिवलिंगों का पूजन पूर्णाहुति के साथ हुआ।



इस अवसर पर डालनवाला जन कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रवीण (टीटू) त्यागी ने कहा कि व्यास आचार्य विजेंद्र प्रसाद ममगाई द्वारा शिव पुराण का सुंदर ढंग से वर्णन किया गया जिससे श्रोता अंतिम समय तक कथा श्रवण करते रहे।

कथा के उपरांत ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचारण के साथ हवन में आहुति दी गई। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। जिस के माध्यम से खुशहाली विश्व कल्याण की कामना की गई साथ ही हरेला पर्व पर वृक्षारोपण भी किया गया।

समापन के दौरान अतिथि के रूप में पूर्व काबीना मंत्री हीरा सिंह बिष्ट के साथ महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा, अशोक वर्मा ,पूर्व पार्षद मूर्ति देवी, महेश जोशी, पूर्व पार्षद आनंद त्यागी, पार्षद प्रवेश त्यागी , डॉ. आर एस त्यागी रिपु दमन सिंह,सुनील जायसवाल,राम सिंह बिष्ट, हिम फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय बहुगुणा,टीकाराम पांडे,राजेन्द्र मिश्रा,रोबिन त्यागी,रविन्द्र रावत,अकबर सिंह नेगी,पुनम,शशिबाला कनोजिया,रानी आदि उपस्थित थे।

# शिक्षकों के बम्पर तबादलों पर भड़के पंचायत प्रतिनिधि

कार्यालय संवाददाता

पिथौरागढ़। चीन तथा नेपाल सीमा क्षेत्र में बसे मुनस्यारी तथा धारचूला तहसील से शिक्षकों के बम्पर तबादलों पर पंचायत प्रतिनिधि भड़क गए। जिला अधिकारी डां आशीष चौहान के बिना प्रतिस्थानी के कार्यमुक्त नहीं किए जाने के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है। शिक्षा विभाग के अफसरों पर सीमांत के स्कूलों पर जुल्म करने का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

अनिवार्य तथा अनुरोध के आधार पर सीमांत से शिक्षकों के बम्पर तबादलों के बीच जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने डीएम डां आशीष चौहान को शासनादेश का हवाला देते हुए बिना प्रतिस्थानी के शिक्षकों को कार्यमुक्त नहीं किए जाने का अनुरोध किया था।

जिला अधिकारी द्वारा 27 जून को मुख्य शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर इस मंशा के आधार कार्यवाही करने पत्र जारी किया। इस पत्र पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। दोनों विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारियों तक पत्र नहीं पहुंचा है। जबकि पत्र की प्रतिलिपि कार्यमुक्त अधिकारी प्रधानाचार्य तक पहुंच जाना चाहिए था।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि शिक्षा विभाग डीएम के आदेश को फाइलों में दबाकर दनादन स्थानांतरित शिक्षकों को कार्यमुक्त कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सीमांत के स्कूलों में ताला लगने की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों के पास अब आंदोलन के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

उन्होंने कहा कि चीन सीमा के स्कूलों को आप शिक्षकों से विहीन बना देंगे तो सीमा के गांवों में कौन रहेगा। मर्तोलिया ने कहा कि शिक्षक कैसे भी स्थानांतरण करके लाया है, हम नहीं जानते, हमें शिक्षक के बदले शिक्षक चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक संगठनों को सरकारी शिक्षा को बचाने के लिए भी कभी मुंह खोलना चाहिए।

## सरकार, शिक्षा विभाग, शिक्षक संगठनों ने आंखों में काली पट्टी बांध रखी हैः मर्तोलिया

मुनस्यारी। भुवन चंद्र खंडूरी सरकार के अनिवार्य तबादला एक्ट में मुनस्यारी विकास खंड में कोई भी विद्यालय सुगम में नहीं है। इसका फायदा कम नुकसान अधिक सीमांत की जनता उठा रही है। जिपंस जगत मर्तोलिया ने बताया कि मुनस्यारी में ही सेवा देने के इच्छुक प्राथमिक तथा जूनियर के 36 शिक्षकों के अनिवार्य तबादला कर दिया गया है। पहले से मुनस्यारी विकास खंड में प्राथमिक में 68 तथा जूनियर में 58 पद रिक्त चल रहे है। मर्तोलिया ने बताया कि उत्तराखंड के अन्य विकास खंडों में सुगम तथा दुर्गम दोनों क्षेत्र चिन्हित किया गया है, लेकिन मुनस्यारी को दुर्गम में ही रखा गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के अन्य विकास खंडों में शिक्षक अपने ही विकास खंड में सुगम से दुर्गम एडजस्ट हो रहे है। मुनस्यारी को तो केवल दुर्गम होने का भी नुकसान हो रहा है। 36 शिक्षकों को सुगम में मुनस्यारी छोड़कर दूसरे विकास खंड में जाना अनिवार्य किया गया है। मर्तोलिया ने कहा कि हर पहलू से सीमांत नुकसान में है। उन्होंने कहा कि सरकार, शिक्षा विभाग, शिक्षक संगठनों ने आंखों में काली पट्टी बांध रखी है। कहा कि सरकारी विद्यालयों को शिक्षक विहीन करने में जानबूझकर इस तरह से षड्यंत्र किया जा रहा है।

## अभ्यार्थियों की दून पुलिस ने मदद कर परीक्षा स्थल तक पहुंचाया

देहरादून। जेईई की परीक्षा देने जा रहे अभ्यार्थियों के वाहनों के पेट्रोल खत्म हो जाने पर दून पुलिस ने रात्रि में उनको पेट्रोल की व्यवस्था कर परीक्षा स्थल तक पहुंचने में मदद की। आज यहां मध्यरात्रि को जनपद हरिद्वार व अन्य जनपदों के अनेकों परिजन अपने बच्चों के साथ जेईई की परीक्षा के लिए देहरादून जा रहे थे लेकिन हरिद्वार में कांवरियों के अत्यधिक संख्या होने के कारण लंबे समय तक यह परिवार यात्रा में रहे और इनके वाहनों में डीजल/पेट्रोल भी समाप्त हो गया। जब इन परिवारों को अनेकों स्थानों पर डोईवाला पुलिस के द्वारा परीक्षार्थियों के रूप में छोटे-छोटे बच्चों के साथ रात्रि में खड़ा हुए देखा गया तो सुरक्षा की दृष्टि से पूछा गया तो अनेकों परिवारों ने अपनी समस्या बताई की उनके वाहनों का इंधन समाप्त हो गया है और वह रात्रि होने के कारण उनको कोई पेट्रोल पंप खुला नहीं दिखाई दिया। जबकि सुबह बच्चों के जेईई का एग्जाम हैं देहरादून जाना अति आवश्यक है तो ऐसे में कोतवाली डोईवाला के डयूटीरत कर्मचारियों के द्वारा उक्त परिवार जनों को आश्वस्त किया गया व निकटवर्ती पेट्रोल पंप को खुलवा कर वाहनों को पेट्रोल-डीजल उपलब्ध करवाया गया तथा जो परिवार आगे जाने की स्थिति में नहीं थे उनको डोईवाला के निकटवर्ती होटल्स में रहने की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। पुलिस के इस कार्य के लिए परिवार जनों द्वारा खुश होकर पुलिस को दिल से धन्यवाद दिया।


उत्तराखण्ड शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

आओ, मिलकर फहराएं
हर घर तिरंगा
(13 से 15 अगस्त, 2022 तक)



1916—1944

25 जुलाई

स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रदूत
अमर शहीद
श्रीदेव सुमन
को उनकी पुण्यतिथि पर
उत्तराखण्डवासियों की ओर से
शत-शत नमन

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR
सी०एम हेल्पलाइन नम्बर: 1905




हरिद्वार, डीपीएस रानीपुर की छात्रा दिव्यांशी वर्मा ने हाई स्कूल में 93% नंबर लाकर हरिद्वार का नाम रोशन किया है। दिव्यांश वर्मा हरिद्वार के वयोवृद्ध पत्रकार श्री मधुकांत प्रेमी की पौत्री है और इनके पिता अवनीश प्रेमी बद्री विशाल, दैनिक जागरण, हमारा फैसला अखबार में कार्य करते हुये सहारा समय टीवी के उत्तराखंड हेड रहने के बाद आज इंडिया वॉइस चौनल के उत्तराखंड स्टेट हेड हैं।

## महाकाल के भक्त सामाजिक संस्था ने किया शिव भक्त कावड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन







कार्यालय संवाददाता

देहरादून। शहर की प्रमुख महाकाल के भक्त सामाजिक संस्था द्वारा आज रुड़की हरिद्वार रोड पर शिव भक्त कांवड़ियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति के रस में डूबे शिव भक्त कई किलोमीटर की पैदल यात्रा कर गंगाजल लेकर अपने अपने गंतव्यों पर जा रहे हैं सामाजिक क्षेत्र में अपने रचनात्मक कार्यो से शहर में अपनी अमिट छाप छोड़ने में महाकाल के भक्त संस्था अग्रणी हैं। संस्था के अध्यक्ष अंकुर जैन ने पहले ही आह्वाहन किया कि संस्था में सभी वर्ग के कल्याण,सेवा, समपर्ण को महत्ता दी जाएगी। सामाजिक,धार्मिक एवं राष्ट्रहित के कार्य जनसेवा जारी रहेगी वही संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक जेठी अपनी टीम के साथ इस आयोजन को सफल बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं एवं एक मेडिकल टीम के द्वारा शिव भक्तों को स्वास्थ्य समस्या के लिए मेडिकल टीम के साथ भंडारे स्थल पर उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में महाकाल के भक्त सामाजिक संस्था से अध्यक्ष अंकुर जैन ,कार्यकारी अध्यक्ष दीपक जेठी भंडारे कार्यक्रम संयोजक नवेन्दु चौहान,जीतू खत्री,पुनीत मेहरा रहे। आगे भी महाकाल के भक्त सामाजिक संस्था ऐसे ही रचनात्मक और सेवा कार्य करने के लिए योजनबद्ध तरीके से तैयारी कर रही हैं।

# खाना खाने के बाद खाएं सौंफ



सौंफ के फायदों के बारे में हम बचपन से ही सुनते आ रहे हैं। पर क्या आप जानती हैं कि आपके किचन में इस्तेमाल होने वाली यह छोटी सी चीज आपकी सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। क्योंकि अनगिनत हेल्थ बेनेफिट देने के साथ यह आपको कई बीमारियों से बचाने में मदद करती है। तो चलिए जानते है कि आयुर्वेद और रिसर्च के अनुसार सौंफ कैसे हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। सुबह खाली पेट सौंफ का पानी पीने से जल्दी वजन घटाने में मदद मिलती है। वहीं जब आप खाना खाने के बाद सौंफ का सेवन करती हैं, तो ये एक बेहतरीन माउथ फ्रेशनर का काम करती है।

सौंफ के फायदे

आयुर्वेद के अनुसार सौंफ के दानों को चबाने से मुह की बदबू से राहत मिल सकती है। साथ ही यह पाचन क्रिया को स्वस्थ बनाए रखती है। इसके अलावा यह पेट की गैस, एसिडिटी, खट्टी डकार आना तथा खाना पचने में परेशानी जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए बेहतरीन मानी जाती है। रोज सही मात्रा में सौंफ के इस्तेमाल से आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिल सकती है।

1. आपके हार्ट का रखे ध्यान

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन में पब्लिश हुई रिपोर्ट के अनुसार सौंफ में भरपूर मात्रा में फाइबर, मैग्नीशियम, पोटेशियम और कैल्शियम पाया जाता है। जो आपके ह्रदय को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर रहृदय रोगों के खतरों जैसे कि कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम करता है।

2. एंटी कैंसर प्रॉपर्टी से भरपूर

सौंफ स्वास्थ्य लाभ देने के साथ कई बीमारियों से दूर रहने में मदद करती है। टेस्टिंग एंड एनिमल स्टडीज की 2011 की रिपोर्ट केअनुसार सौंफ में एंटी कैंसर प्रॉपर्टीज पाई जाती है। क्योंकि सौंफ में एनेथोल कंपाउंड पाया जाता है। जिसमें कैंसर फाइटिंग प्रॉपर्टीज पाई जाती है। इस रिसर्च में यह भी पाया गया की सौंफ ब्रेस्ट और लिवर कैंसर सपने में भी मदद करती है।

3. सूजन कम करने में कारगर

सौंफ में भरपूर मात्रा में पोषण तत्व पाए जाते है जैसे कि विटामिन-सी और क्वेरसेटिन। जो शरीर की सूजन कम करने में मदद करते हैं। साथ ही सूजन बढ़ाने वाले कारणों से भी दूर रखते है।



4. ब्लड प्रेशर को संतुलित रखे

सौंफ का इस्तेमाल ब्लड प्रेशर को संतुलित रखने के लिए भी किया जाता है। जनरल ऑफ फूड साइंस कि में पब्लिश हुई रिपोर्ट के अनुसार सौंफ के दाने चबाने से आपके सलाइवा में पाचक एंजाइम की मात्रा बढ़ती है। जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है। इसके साथ ही सौंफ में पोटेशियम भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो ब्लड प्रेशर और हर्ट रेट को कंट्रोल करता है।

5. वेट लॉस में लाभदायक

वजन कम करने के लिए सौंफ का इस्तेमाल लंबे समय से किया जाता है। अपनी डाइट में सौंफ के इस्तेमाल से लंबे समय तक भूख नही लगती। साथ ही सही मात्रा में इसका सेवन करने से अत्यधिक वजन कम करने में मदद मिलती है।

बेहतर लाभ के लिए इस तरह करें सौंफ का सेवन

आप एक चम्मच सौंफ को एक गिलास पानी में रातभर भिगोकर रख सकती हैं। फिर सुबह खाली पेट इस पानी का सेवन करने के साथ सौंफ के दानों को चबाकर खा लें।खाना बनाते वक्त आप इसे दाल या सब्जी में मसाले के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं। आप इसे अपने रोजाना चूरण में भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे यह आपकी पाचन क्रिया स्वस्थ बनाने में मदद करेगी।आप आधा चम्मच सौंफ को भोजन करने के बाद एक माउथ फ्रेशनर के रूप में भी इस्तेमाल कर सकती हैं।दिन में दो-तीन बार सौंफ के कुछ दाने चबाने से मुंह की बदबू से जल्द राहत मिलेगी।

## शब्द सामर्थ्य -

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरेया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 | 4 | | |
| | | 5 | | | 6 | | 7 | |
| 8 | 9 | | | 10 | | | 11 | |
| | 12 | | | 13 | | 14 | | |
| | 15 | | | | | 16 | 17 | |
| | 18 | | | 19 | | | | |
| | | | 20 | | | 21 | | |
| | 22 | | | | | | | 23 |
| 24 | | | 25 | | | | 26 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 32 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, 8 लोगों की मौत, 18 घायल

लखनऊ । बाराबंकी के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह सड़क किनारे खड़े एक डबल डेकर बस को एक अन्य तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। इस हादसे में कम से कम आठ यात्रियों की मृत्यु हो गयी हैं, जबकि करीब 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो हैं, जिन्हे लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। घायलों में कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और घायलों के उचित इलाज का प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने ट्वीट किया पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद है। संबंधित अधिकारियों को राहत व बचाव कार्य तेजी से संचालित करने और घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए गए हैं। प्रभु श्री राम दिवंगत आत्माओं को शांति तथा घायलों को शीघ, स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

पुलिस ने बताया कि बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बने एक ढाबे पर रुकी थी। इस बीच पीछे से आ रही दूसरी डबल डेकर बस ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में तेज रफ्तार बस में सवार आठ यात्रियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने का काम शुरू किया।

इस बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे के बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की एक लेन पर जाम की स्थिति बन गई। दुर्घटनाग्रस्त बसों को क्रेन की मदद से अलग कर यातायात सुचारू कर दिया गया है। उन्होने बताया कि मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

# देश के हाईएस्ट टैक्स पेयर एक्टर अक्षय कुमार आयकर विभाग से हुए सम्मानित

मुंबई । बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार अक्सर चर्चा में बने रहते है। अभिनेता एक बार सुर्खियों में है। इस बार वो किसी फिल्म को लेकर नहीं, बल्कि किसी दूसरी वजह से चर्चा में है। अभिनेता को हाल ही में आयकर विभाग द्वारा सम्मानित किया गया है। अक्षय कुमार एक बार फिर देश में सबसे अधिक टैक्स भरने वाले अभिनेता बन गए है। अभिनेता इस वक्त अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग के लिए लंदन में है। अक्षय कुमार सबसे अधिक टैक्स पे करते है। जिसके लिए उन्हें आयकर विभाग ने एक सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया है। अभिनेता की अनुपस्थिति के कारण इस सम्मान पत्र को उनकी टीम ने कलेक्ट किया है। अभिनेता पिछले पांच सालों से लगातार सबसे अधिक टैक्स भरते आ रहे है। जिससे वो सबसे अधिक टैक्स देने वालों की लिस्ट में शामिल हो चुके है। हाल ही में अभिनेता को करण जौहर के चौट शो कॉफी विद करण में साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु के साथ देखा गया था। जहां अभिनेता ने कई टॉपिक्स पर बात किया था।

# म्यांमार में 4 लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को दी मौत की सजा

नई दिल्ली । म्यांमार की सेना ने देश के चार लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को मौत की सजा दी है। दशकों बाद देश में मौत की सजा दी गई है। पूर्व सांसद फ्यो जिया थॉ, लेखक और कार्यकर्ता को जिमी, ला म्यो आंग और आंग थुरा जॉ पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप थे। मौत की सजा का एलान पहली बार सेना ने इसी साल जून महीने में किया था। उस समय इस निर्णय की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना हुई थी। ये मौत की सजा वर्ष 2021 में हुए सैन्य तख्तापलट के दौरान के मामलों में दी गई है। उस समय सेना ने आंग सांग सू ची की अगुवाई वाली नेशनल लीग फोर डेमोक्रेसी (एनएलडी) की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनी गई सरकार का तख्तापलट कर दिया था। इसके विरोध में भारी विरोध-प्रदर्शनों को भी सेना ने तेजी से दबा दिया। तख्तापलट के विरोध में बनी म्यांमार की सांकेतिक नेशनल यूनिटी सरकार (एनयूजी) ने इन हत्याओं पर दुख और हैरानी जताते हुए निंदा की है।

एनयूजी ने कहा है कि मौत की सजा पाने वालों में लोकतंत्र के समर्थक, सशस्त्र नस्लीय समूहों के प्रतिनिधि और एनएलडी के सदस्य शामिल हैं। एनयूजी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वो श्सत्ता में बैठी हत्यारी सेना को उनकी बर्बरता और हत्याओं के लिए सजा दे। श सरकारी न्यूज आउटलेट-ग्लोबल न्यूज लाइट ऑफ म्यांमार ने कहा कि इन चार लोगों को इसलिए मौत की सजा दी गई क्योंकि उन्होंने अमानवीय और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने का प्रबंध किया और साजिश रची। खबर में ये भी बताया गया है कि इन पर आतंकवाद रोधी कानूनों के तहत मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, ये अभी तक स्पष्ट नहीं है कि चारों लोगों को कब और कैसे मौत की सजा दी गई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, वर्ष 1988 के बाद से ये पहली बार है, जब म्यांमार में लोगों को मौत की सजा दी गई है। इससे पहले म्यांमार में मौत की सजा के लिए फांसी दी जाती थी।

# 29 जुलाई को रिलीज होगी जाह्नवी कपूर की गुडलक जेरी



अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आगामी फिल्म गुडलक जेरी 29 जुलाई को डिजिटल रूप से रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है। जान्हवी ने कहा, गुडलक जेरी एक रोमांचक अनुभव रहा है क्योंकि इसने मुझे पूरी तरह से अनूठी शैली का पता लगाने का मौका दिया।

सिद्धार्थ वास्तव में मेरे अंदर जेरी को बाहर लाने में उत्प्रेरक रहे हैं।आनंद एल राय के साथ काम करना एक समृद्ध और पुरस्कृत अनुभव था। इस फिल्म का हिस्सा बनना एक सपने के सच होने जैसा है।गुडलक जेरी सबसे चतुर के जीवित रहने की कहानी है जब उसे दीवार पर धकेल दिया जाता है।

फिल्म में जान्हवी को दीपक डोबरियाल, मीता वशिष्ठ, नीरज सूद और सुशांत सिंह सहित एक शानदार पहनावा के साथ विनम्र लेकिन किरकिरा चरित्र के रूप में दिखाया गया है। रोमांटिक फंतासी नाटक अतरंगी रे की अभूतपूर्व सफलता के बाद, फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार के साथ आनंद एल राय के दूसरे जुड़ाव को चिह्नित करती है।

निर्माता आनंद एल. राय ने कहा, गुडलक जेरी में, हमने नैतिक दुविधाओं और एक आम आदमी के अशांत जीवन के आसपास जीवन की मजबूरियों से एक अद्वितीय तालमेल बनाया।निर्देशक सिद्धार्थ सेन ने कहा, हमारे पास बहुत कम महिला-प्रधान कॉन-मेडी फिल्में हैं।

इसलिए स्वाभाविक रूप से, इस फिल्म के साथ, हम असामान्य रूप से ज्ञात शब्द, कॉन मेन को फिर से परिभाषित करना चाहते थे। जान्हवी कपूर ने अपने चरित्र को पूरी तरह से चित्रित किया है।फिल्म की पल्प नोयर टोनलिटी दर्शकों के लिए कॉमेडी को एक नए आयाम में प्रस्तुत करती है, और मुझे आशा है कि उन्हें वह पसंद आएगा जो हमारे पास उनके लिए है।

डिज्नी स्टार के कंटेंट, डिजनी प्लस हॉटस्टार और एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क के प्रमुख गौरव बनर्जी ने कहा, हमारे ग्राहकों को वास्तव में अतरंगी रे पसंद आया और अब आनंद एक और फिल्म के साथ वापस आ गए हैं, जिसमें उनकी सभी ट्रेडमार्क ताकतें हैं- एक अनूठी दुनिया में अद्भुत चरित्र। हम आशा करते हैं कि आप जैरी बनने के बाद जान्हवी को शुभकामनाएं देंगी।यह फिल्म 29 जुलाई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# मजेदार है मां-बेटी नीना और मसाबा की केमिस्ट्री

मशहूर डिजाइनर और अभिनेत्री नीना गुप्ता की बेटी मसाबा गुप्ता के जीवन पर आधारित वेब सीरीज मसाबा मसाबा सीजन 2 रिलीज को तैयार है। शनिवार को शो के दूसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज किया गया। यह शो 29 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। ट्रेलर देखकर जाहिर है कि एक बार फिर से मां-बेटी की जोड़ी पर्दे पर अपना जादू बिखेरने वाली है। नीना और मसाबा के साथ इस शो में अभिनेता राम कपूर नजर आ रहे हैं।

करीब 1 मिनट 5० सेकेंड के इस वीडियो में नीना और मसाबा की अपनी ही भूमिका में प्यारी सी केमिस्ट्री दिखाई दे रही है। एक तरफ मां है जो अपनी सिंगल बेटी की शादी के लिए उतावली है, और बेटी है जो अपना करियर संभालने के लिए परेशान है। पर्सनल लाइफ और करियर के बीच अपनी खुशियां तलाशती मसाबा की कहानी है यह वेब सीरीज। अपने दिल और दिमाग के बीच जूझती हुई वह इंडस्ट्री की किंग बनना चाहती हैं।

शो में नीना और मसाबा के अलावा राम कपूर, अरमान खेड़ा, कुशा कपिला, करीमा बेरी और बरखा सिंह जैसे कलाकार भी हैं। इस शो का निर्देशन सोनम नायर ने किया है। वहीं शो की क्रिएटिव प्रोड्यूसर अश्विनी यार्डी हैं। इससे पहले चर्चा थी कि इस शो में कार्तिक आर्यन गेस्ट अपियरेंस में दिख सकते हैं। हालांकि, ट्रेलर में कार्तिक दिखाई नहीं दिए हैं। शो में फैशन इंडस्ट्री की कई इनसाइड स्टोरी देखने को मिल सकती हैं।

मसाबा मसाबा का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर अगस्त, 2०2० में प्रसारित किया गया था। यह सीरीज नीना और उनकी बेटी मसाबा की जिंदगी की सच्ची घटना पर आधारित है। इसके पहले सीजन में 6 एपिसोड थे। इस सीरीज को दर्शकों की तरफ से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। पहले सीजन में कियारा अडवाणी, फराह खान और मालविका मोहनन जैसे सितारे गेस्ट अपियरेंस में नजर आए थे। अब करीब दो साल के अंतराल के बाद शो का दूसरा सीजन आ रहा है।

# 5०० करोड़ व्यूज वाली पहली भारतीय एल्बम बनी अल्लू की पुष्पा



साउथ स्टार अल्लू अर्जुन की पुष्पा के प्रति दर्शकों में दीवानगी देखते ही बनती है। चाहे फिल्म के गाने हों या डायलॉग, सभी कसौटी पर यह फिल्म खरी उतरी। फिल्म 17 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन सुकुमार ने किया है। अब इस फिल्म के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। पुष्पा भारत की पहली पैन इंडिया फिल्म बन गई है, जिसकी एल्बम को 5०० करोड़ से ज्यादा व्यूज मिले हैं।

फिल्म समीक्षक रमेश बाला ने इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, भारतीय सिनेमा में अब तक का सबसे बड़ा कीर्तिमान। आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन की पुष्पाः द राइज पहली एल्बम है, जिसने 5०० करोड़ व्यूज हासिल किए हैं। सिनेमाघरों से लेकर सोशल मीडिया तक, हर एक प्लेटफॉर्म पर इस फिल्म को दर्शकों ने हाथों-हाथ लपक लिया। फिल्म के जरिए अल्लू को भी बेशुमार लोकप्रियता मिली।

पुष्पा ने भारत में 35० करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन किया था। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन ही कीर्तिमान रच दिया था और भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 2021 का सबसे बड़ा ओपनिंग डे अपने नाम किया था। यहां तक कि फिल्म ने मास्टर और स्पाइडर मैन को भी पछाड़ दिया था। पुष्पा का ओपनिंग डे का कलेक्शन 52.5० करोड़ रुपये रहा था। फिल्म का बजट 2००-25० करोड़ रुपये का है।

पुष्पा में अल्लू के साथ साउथ अदाकारा रश्मिका मंदाना नजर आई थीं। रश्मिका के किरदार का नाम श्रीवल्ली है। इस फिल्म के जरिए अल्लू और रश्मिका पहली बार साथ आए हैं। रश्मिका की यह पहली फिल्म है, जो सीधे हिंदी दर्शकों के बीच आई। फिल्म की कहानी चंदन की लकड़ियों की तस्करी से जुड़ी है। फिल्म तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी सहित पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज हुई है।

ऐसी चर्चा है कि पहले भाग से पुष्पा 2 का बजट बड़ा होने वाला है। यह फिल्म 4०० करोड़ रुपये के बजट में बनेगी। फिल्म के दूसरे भाग का शीर्षक पुष्पा द रूल रखा गया है।

# श्रीलंका की झांकी में भारत

हरिशंकर व्यास

भारत को श्रीलंका की दशा में अपनी झांकी देखनी चाहिए। सोचें, यदि भारत की दशा श्रीलंका जैसी हुई तो भारत की मदद के लिए कौन होगा? क्या दुनिया वैसे ही भारत से दूरी बनाए हुए नहीं होगी, जैसे श्रीलंका से बनाए हुए है? फिर भारत का संकट कितने आयाम लिए हुए होगा? भारत का संकट अकेले आर्थिकी का नहीं होना है, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक भी होगा। भारत की आबादी और आकार के आगे श्रीलंका कुछ नहीं है। भारत की आयातों और आवश्यकताओं की भूख विशाल है तो साथ में उसके चीन और पाकिस्तान से पंगे हैं, हिंदू-मुस्लिम, खालिस्तानी, संघीय व्यवस्थाओं के इतने तनाव हैं कि उस सबमें दुनिया के कौन से देश भारत की चिंता करते हुए होंगे? क्या अमेरिका, ब्रिटेन या रूस और चीन या जापान?

कटु सत्य है कि पूरी दुनिया ने दक्षिण एशिया की अनदेखी की हुई है। अफगानिस्तान महीनों से भुखमरी व भूकंप जैसी आपदाओं के बावजूद अछूत है। बांग्लादेश हाल में बाढ़ में डूबा हुआ था लेकिन वैश्विक मदद और चिंता नहीं के बराबर। ऐसे ही म्यांमार, पाकिस्तान, नेपाल जैसे देशों से भी दुनिया के अमीर-विकसित देशों की नजरें फिरी हुई हैं। चीन ने जिस तरह श्रीलंका को रामभरोसे छोड़ा है उससे साफ है कि वह अब भूराजनीतिक सरोकारों में भी दक्षिण एशिया की परवाह करता हुआ नहीं हैं। उसे तनिक भी यह चिंता नहीं हुई कि श्रीलंका पर शिकंजे के बाद यदि वह दिवालिया हुआ है तो उसकी मदद कर अपनी बदनामी रोके। चीन ने साबित किया है कि वह पहले साहूकार देश है। उसकी महाशक्ति की ताकत सौ टका आर्थिक हितों के लिए है। उससे भाईचारे, मानवीय संकट में मदद और मित्र देश के उदार व्यवहार की उम्मीद नहीं करें।

श्रीलंका की गोटबाया राजपक्षे सरकार ने बहुत हाथ-पांव मारे। राष्ट्रीय सम्मान और सुरक्षा को ताक में रख कर हर संभव वह कोशिश की, जिससे दुनिया के देश मदद के लिए आगे आएं। लेकिन अमेरिका और पश्चिमी देशों के कारण वैश्विक संस्थाओं ने रहम नहीं दिखाई तो चीन तथा रूस बात करते रहे लेकिन मदद नहीं मिली। जापान तक ने कन्नी काटी। क्यों? राष्ट्रपति राजपक्षे और उनकी पार्टी की मूर्खताओं के कारण। अपनी सनक में आर्थिक और विदेश नीति के ऐसे फैसले लिए, जिससे सभी देशों का मन उचट गया। एक वक्त था जब पश्चिमी देशों में, जापान में, आसियान देशों में बौद्ध देश श्रीलंका के प्रति लगाव था। उसकी बेइंतहां पर्यटन कमाई थी। ध्यान रहे भारत सहित सभी दक्षिण एसियाई देशों से बेहतर श्रीलंकाई लोगों का जीवन स्तर था। लोग खुशहाल और अच्छे वक्त में जीते हुए थे। सिंहली बनाम तमिल के अंदरूनी गृहयुद्ध के खत्म होने के बाद श्रीलंका में अमन-चैन बना तो विदेशी निवेश भी बढ़ा। लेकिन चीन की गोद में बैठते ही दुनिया श्रीलंका से बिदक गई। राजपक्षे परिवार के राष्ट्रवादी और अहंकारी व्यवहार से देश के भीतर राजनीति बिखरी तो अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भी श्रीलंका हाशिए में चला गया। सोचें, मौजूदा सकंट में भी राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मदद मांगी। न उनसे मदद मिली और न चीन से। पश्चिमी देश तो खैर आगे आने ही नहीं थे।

तभी श्रीलंका की झांकी में भारत के भविष्य के भी कई अर्थ हैं। भारत में विदेशी मुद्रा कोष, डॉलर का रिजर्व घटता हुआ है। डॉलर के मुकाबले रुपया सस्ता हो रहा है। जल्दी ही एक डॉलर ८० रुपए का हो जाएगा। उसके बाद कोई ताकत रुपए को और गिरने से नहीं रोक सकती। वैश्विक मंदी शुरू होने वाली है। सो, भारत का निर्यात नहीं बढ़ेगा। न ही शेयर बाजार में विदेशी निवेशक याकि एफआईआई और एनआरआई भारत में डॉलर लगाने वाले हैं। भारत की करेंसी और शेयर बाजार को आगे जो धक्के लगेंगे और केंद्र-राज्य सरकारों के बढ़ते बजट घाटे, बेइंतहां महंगाई आदि से आगे वे स्थितियां बन सकती हैं, जिससे अपने आप अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के लिए भारत को जंक घोषित करना अनिवार्य हो जाएगा। यों मोदी सरकार की लगातार प्राथमिकता रही है कि दुनिया और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को पटाएं, दुनिया भारत में अच्छे दिन माने रहें लेकिन वैश्विक हालातों से अब अपने आप भारत अब जोखिमपूर्ण बन रहा है।

गंभीर बात दुनिया मंदी की और बढ़ते हुए है। रूस बनाम यूक्रेन का पंगा चलता रहना है। राष्ट्रपति पुतिन और शी जिनफिंग के गठजोड़ के खिलाफ अमेरिका-यूरोप कमर कस चुके हैं। इसलिए पश्चिमी देशों की वित्तीय-आर्थिक ताकत नई प्राथमिकताएं बनाते हुए है। इसलिए भारत में न डॉलर आने हैं और न भारत का निर्यात बढ़ना है। मोदी सरकार ने रुपए और शेयर बाजार को ऊंचा उठाए रखने के लिए रिजर्व बैंक और एलआईसी जैसी घरेलू वित्तीय संस्थाओं, म्युचुअल फंडों को जैसे दांव पर लगाया है उसके दुष्परिणाम आगे देखने को मिलेंगे। भारत के छोटे-मध्य वर्ग के लोगों ने शेयर बाजार के झांसे में अपनी बचत को जितना बरबाद किया है उससे देश के भीतर अपने आप मंदी पसरती हुई होगी।

सवाल है सरकार पेट्रोलियम पदार्थों जैसी जरूरी चीजों के आयात के लिए डॉलर का कितना रिजर्व बनाएं रख सकती है? जवाब है कि इसका जरिया क्या है? रिजर्व बैंक अब रुपए को ऊंचा रखने के लिए डॉलर खर्च कर रहा है। रिजर्व बैंक ने फरवरी के बाद से कोई चालीस अरब डॉलर बाजार में निकाल जाया किए। यह सिलसिला कितने महीने या साल-दो साल क्या चलाए रखा जा सकता है? नहीं। इसलिए क्योंकि पहली बात अगले छह से नौ महीनों के भीतर भारत को डॉलर करेंसी में लिए हुए 267 अरब डॉलर के अल्पकालिक कर्ज डॉलर में चुकाने हैं। इसका अर्थ है अगले वित्तीय वर्ष अप्रैल २०23 के शुरू होने तक विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से घटता हुआ होगा। पिछले साल सितंबर में यह 642 अरब डॉलर था। वह इस एक जुलाई को कोई 588 अरब डॉलर है। मतलब नौ महीनों में 54 अरब डॉलर की कमी! विदेशी निवेशकों के पैसे निकालने, रुपए को ऊंचा बनाए रखने और घटते निर्यात के कारण डॉलर रिजर्व घट रहा है। उधर पेट्रोलियम पदार्थों के महंगे आयात से भी विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव है। सरकार ने पिछले दिनों प्राइवेट कंपनियों की डॉलर में कर्ज लेने की सीमा को बढ़ा कर डेढ़ अरब डॉलर किया तो भारतीय बैंकों को अनिवासी भारतीयों से विदेशी करेंसी लिवाने के लिए ब्याज दर नीति में लचीलेपन की छूट दी। मगर इनसे कुछ नहीं होना है। श्रीलंका का पड़ोसी है भारत। विदेशी अमीर निवेशकों और वित्तीय संस्थाओं के लिए पूरा दक्षिण एशिया जोखिम का इलाका है।

## मिट्टी का अवैध खनन करने पर एक के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। बगैर अनुमति के खुदाई कर मिटटी का अवैध खनन करने के मामले में खनन विभाग ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज मोहर्रिर भू तत्व एवं खनिकर्म ईकाइ कुदंन सिंह ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि सहारनपुर निवासी अनिल कुमार गुप्ता के द्वारा राजपुर रोड पर स्थित भूमि पर मिटटी का खनन किया गया तथा बगैर विभाग की अनुमति के उपखनिज मिटटी का अवैध रूप से  परिवहन कर चोरी किया जाना तथा बेसमेंट खोदकर वहां से भी मिटटी का अवैध खनन कर चोरी किया जा रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बंद मकान में चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने बंद मकान का ताला तोडकर वहां से हजारों की नगदी व सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर निवासी दौलत सिंह ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था। आज जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान अस्त व्यस्त पडा था। चोर उसके यहां से हजारों की नगदी व सामान चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सू- दोकू क्र.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.32 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# आज श्री देव सुमन जैसे लोग मिलने मुश्किल हैं: प्रताप

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। दिल्ली प्रेस क्लब आफ इंडिया में आज अमर शहीद श्री देव सुमन की पुण्यतिथि के अवसर पर पर्वतीय लोक विकास समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि यदि श्रीदेव सुमन आज भी जीवित होते तो वह देश में जिस तरह से चुनी हुई सरकारों को गिराया जा रहा है और लोकतंत्र की हत्या की जा रही है तो निश्चित ही वह लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे होते। उन्होंने कहा कि अपने 28 साल के अल्प जीवन काल में उन्होंने राजशाही के विरूद्ध संघर्ष किया और टिहरी राजशाही को हिला कर रख दिया। 84 दिन की भूख हड़ताल के बाद उनका बलिदान हो गया । आज ऐसे नेता मिलने मुश्किल हैं ।

शिक्षाविद और मूल्यपरक शिक्षा के भारत सरकार के पैरोकार प्रोफेसर निरंजन कुमार ने इस मौके पर नई शिक्षा नीति की तारीफ करते हुए कहा की नई शिक्षा नीति देश को नई दिशा में ले जाएगी इस मौके पर सभा का संचालन प्रसिद्ध पत्रकार और प्रतिष्ठित सप्ताहिक पांचजन्य के पूर्व संपादक सूर्य प्रकाश सेमवाल ने किया । जिसमें उनका सहयोग जाने-माने पत्रकार उत्तराखंड जनरलिस्ट फोरम के अध्यक्ष सुनील नेगी और कवि लेखक साहित्यकार प्रदीप वेदवाल ने किया। स्मृति सभा में अन्य लोगों के अलावा सर्व श्री देव सिंह रावत, सुरेश नौटियाल ,राजेंद्र रतूड़ी, डॉक्टर एस एन बसलियाल ,सुनील नेगी, दिनेश ध्यानी, राजेश्वर पैन्यूली, श्याम लाल समेत अनेक लोगों ने संबोधित किया।  गोष्ठी की अध्यक्षता पर्वतीय लोक सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र दत्त सेमवाल ने की। उन्होंने अमर शहीद श्री देव सुमन को भारत के इतिहास का एक अमर नायक बताया। सौ से अधिक लोगों ने इस गोष्ठी में भाग लिया ।गोष्ठी में अनेक पत्रकारों और समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के संयोजक  दिग्गज पत्रकार सूर्य प्रकाश सेमवाल ने इस मौके पर देश की काल परिस्थिति का जिक्र किया और देश की बढ़ती प्रगति पर खुशी व्यक्त की।

अमर शहीद श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित समारोह में उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप को शाल ओढ़ाकर समिति के उपाध्यक्ष सुनील नेगी ने सम्मानित किया गया।

# सीएम धामी ने केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री गडकरी से की भेंट



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन कक्ष में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर राज्य की विकास योजनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में अधिसूचित किये जाने के लिए अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास व कनेक्टीविटी में काफी काम हुआ है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग को एन०एच०- 109के के ज्यामित्तीय सुधार एवं चौड़ीकरण के कार्य के लिये उत्तराखण्ड, लो०नि०वि० को निर्माण एजेंसी नामित किये जाने के साथ ही मसूरी में 02 लेन टनल परियोजना के कार्य हेतु लो०नि०वि० को कार्यदायी संस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से एन0एच0-09 के अन्तर्गत पिथौरागढ़-अस्कोट मोटर मार्ग (किमी0 2.81 से किमी0 50.00 ) हेतु बी०आर०ओ० द्वारा प्रस्तुत डी०पी०आर० की स्वीकृति, सितारगंज-टनकपुर मोटर मार्ग को 04 लेन में निर्मित किये जाने और एन0एच0-731ज्ञ के अन्तर्गत मझौला - खटीमा ( 13 किमी0) मोटर मार्ग को 04 लेन में परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में भी अनुरोध किया।

## चरस के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने आसन पुल के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 127 ग्रम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम बिरजू पुत्र गजवा निवासी जसोवाला सहसपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## 18 पेटी शराब बरामद, चालक फरार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने कार से 18 पेटी शराब बरामद कर ली। वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन सीज कर वाहन स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसओजी देहात ने रानीपोखरी थाना पुलिस के साथ मिनी स्टेडियम नागघेर के पास एक संट्रो कार को रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार को तेजी से वापस मोडकर भाग गया। पुलिस ने उसका पीछा किया तो उसने कार एक गली में डाल दी तथा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार से 18 पेटी शराब बरामद कर ली। पुलिस ने वाहन सीज कर वाहन मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दोस्त ने ही की थी दोस्त की हत्या, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। युवक के खाने में जहर मिलाकर उसकी हत्या को अंजाम देने की साजिश का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक के ही दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी दोस्त का कहना है कि मृतक उसकी मां पर बुरी नजर रखता था जिसके चलते उसने उसकी हत्या की घटना को अंजाम दिया था।

जानकारी के अनुसार बीती 2 मई को चौकी सिडकुल पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम छतरपुर में किराये पर रहने वाला एक लड़का अपने कमरे में मृत पडा हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मालूमात किया तो पता चला कि मृतक का नाम पीयूष राणा पुत्र सुनील राणा निवासी श्रीपुर बिचवा थाना खटीमा है। पता चला कि मृतक अशोक लीलेन्ड कंपनी में काम करता था व अपने दोस्त सोनू पुत्र विनोद कुमार निवासी कंजाबाग थाना खटीमा के साथ छतरपुर में किराए के मकान में रहता था। एक दिन पूर्व ही मृतक का दोस्त सोनू अपने घर खटीमा गया हुआ था तथा मृतक का दोस्त अभिषेक राना पुत्र स्व. पूरन सिंह निवासी चारुबेटा (मंदिर वाली गली)उसके साथ रात में कमरे में रुका था। मृतक के कमरे की तलाशी ली गई तो उसके कमरे से पुलिस ने मृतक के सामान के अलावा एक शीशी व एक एविल इंजेक्शन तथा बर्तनो में पका हुआ खाना दाल और चावल बरामद किये। मौके पर मिले इंजेक्शन, शीशी तथा पके हुए दाल व चावल को पुलिस द्वारा कब्जे में लिया



गया तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। पोस्टमार्टम में भी मृतक पीयूष राणा की मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका तथा मृतक का विसरा संरक्षित किया गया। घटना के सम्बंध में मृतक के

### खाने में जहर मिलाकर दिया था हत्या को अंजाम

परिजनो एवं दोस्त सोनू व अभिषेक सहित कई लोगो से पूछताछ की गई किंतु किसी के भी द्वारा कोई लाभप्रद जानकारी नहीं दी गई।

संदिग्ध परिस्थितियों में हुई पीयूष राना की मृत्यु के सम्बंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध न होने की दशा में भी पुलिस द्वारा मृतक का बिसरा एवं कमरे से बरामद शीशी, इंजेक्शन तथा पके हुए दाल चावल परीक्षण हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया। जिसकी परीक्षण रिपोर्ट में मृतक के खाने में जहर होने की पुष्टि हुई। जिसके बाद पुलिस द्वारा एक बार फिर अभिषेक राना से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा अपना जुर्म कबुल कर बताया कि उसके द्वारा ही पीयूष राणा के खाने में जहर मिलाया गया था। बताया कि वह मृतक पीयूष राना को पिछले 2 वर्ष से जानता था। पीयूष उसके घर पर भी आता जाता रहता था। तथा पीयूष की अभिषेक की मां पर गलत नजर थी। यह बात अभिषेक को बुरी लगती थी। अभिषेक ने पीयूष को कई बार इस बारे में समझाया था लेकिन वह नहीं माना। जिस पर उसने 1 मई को घर से ही जहर लाकर उसके खाने में मिला दिया तथा खुद नहीं खाया। जिसके बाद पीयूष की मौत हो गयी थी। घटना को करीब ढाई माह बीत जाने के बाद आरोपी अभिषेक निश्चिन्त हो चुका था कि वह अब नहीं फँसेगा किन्तु पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में हुई पीयूष की मृत्यु का राज जानने के लिए अपनी जाँच जारी रखी तथा फोरेन्सिक साइंस की मदद से आरोपी के विरुद्ध ठोस साक्ष्य जुटाए और गिरफ्तार किया गया है।

## संयुक्त निदेशक चौहान अग्रिम आदेशों तक मीडिया सेंटर हल्द्वानी में सम्बद्ध

देहरादून (कासं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मीडिया सेंटर हल्द्वानी को अधिक प्रभावशाली एवं सक्षम बनाये जाने तथा कुमॉयू मण्डल के अन्तर्गत आने वाले समस्त जनपदों के ग्रामों तक राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों के सफल प्रचार-प्रसार एवं उन समस्त कार्यों को आम जन मानस तक मीडिया तंत्र के माध्यम से पहुंचाने हेतु संयुक्त निदेशक के.एस. चौहान को अग्रिम आदेशों तक मीडिया सेंटर हल्द्वानी में सम्बद्ध किया गया है। इस संबंध में विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार के. एस. चौहान पूर्व की भाँति समय-समय पर मुख्यमंत्री के नई दिल्ली भ्रमण कार्यक्रम के दौरान दिल्ली में उपस्थित रहते हुए मीडिया से समन्वय स्थापित करेंगे एवं राज्य सरकार के विकास कार्य योजनाओं को राष्ट्रीय मीडिया में भी प्रचार-प्रसार का कार्य सम्पादित करेंगे। संयुक्त निदेशक सूचना के.एस. चौहान को कार्यालय महानिदेशक सूचना में आवंटित कार्यों को उप निदेशक सूचना मनोज श्रीवास्तव को आवंटित किया गया है।

# 16 घरों में चोरियों के खुलासे के लिए किया कोतवाली का घेराव

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। रूद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के शान्ति कालोनी में एक ही रात में एक ही गली के 16 घरो मे हुई चोरी का खुलासा न होने से आक्रोशित दर्जनों नागरिकों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व पार्षद प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली रुद्रपुर का घेराव कर चोरियों के खुलासे की मांग की गयी है।

कोतवाली में मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक अभयकुमार सिंह, कोतवाल विक्रम राठौर व एसएसआई कमाल हसन का घेराव कर प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द 16 घरो मे एक साथ हुई चोरियों का खुलासा किया जाये। इस मौके पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि जिला



मुख्यालय पर समस्त पुलिस के उच्चाधिकारियों के होने के बावजूद-चोरो के हौसले इतने बुलन्द है कि वे एक साथ 16घरों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है, कहा कि यह वास्तव में स्थानीय पुलिस को चोरो की चेतावनी है। पुलिस के उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि अतिशीघ्र ही इन चोरियों का खुलासा कर दिया जायेगा।

इस दौरान विपिन शर्मा बिट्टू तेजपाल वीरेन्द्र कुमार, रोहित, भूपेन्द्र, अंगन, विशाल मेटश, राजवीर, मानसिंह, भोगकार, आयुष, शिवम, रविन्द्र सिंह, परविदुर सिंह, बब्लू, सोनू , गौरव, अनिल, हिमांश, प्रीती, शीला, पूजा, मीरा, आरती सहित कई लोग मौजूद रहे।




## एक नजर

# कटरीना कैफ और विक्की कौशल को मिली जान से मारने की धमकी

मुंबई । बॉलीवुड के स्टार कपल्स में से एक विक्की कौशल और कटरीना कैफ को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सैंटाक्रूज थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है। इससे पहले कई बॉलीवुड स्टार्स को जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। एक्ट्रेस स्वरा भाषकर को भी जून में एक पत्र के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। इसके बाद स्वरा ने वर्सोवा पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। इससे पहले हाल ही में 29 मई को सलमान खान को भी जान से मारने की ध मकी मिली थी। सलमान के पिता सलीम खान जब मार्निंग वॉक करके जब एक बेंच पर आराम कर रहे थे, तब किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें धमकी भरी एक चिट्ठी दी थी, जिसमें लिखा हुआ था कि मूसेवाला की तरह तुम्हारे बेटे का भी हाल होगा। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट अक्सर अपने बेबाक बयानों के कारण सुर्खियों में रहती है। पिछले साल नंवबर में कंगना ने हिमांचल प्रदेश में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। कंगना ने बताया था कि कृषि कानूनों के समर्थन में पोस्ट करने पर उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही है।



# महिला टीचर को निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा

दक्षिण दिनाजपुर। जिले से एक शर्मनाक मामला सामने आया है। दरअसल यहां के एक स्कूल की शिक्षिका को छात्रा के परिजनों ने जमकर पिटाई की है। लेकिन शर्मनाक बात ये है कि पहले महिला टीचर को निर्वस्त्र किया और इसके बाद बेरहमी से पिटाई की। इस मामले की शिकायत स्कूल प्रबंधन ने हिली थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने रविवार को टीचर के साथ मारपीट करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार मामला हिली थाना क्षेत्र का है, जहां के त्रिमोहिनी प्रताप चंद्र हाई स्कूल में एक छात्रा को महिला टीचर ने डांट दिया था। इसके एक दिन बाद दोपहर छात्रा के परिजन अचानक स्कूल में घुस गए। इन लोगों ने प्रधानाध्यापक के सामने मामले की शिकायत की। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोग कथित तौर पर शिक्षिका के कमरे में घुस गए और एक महिला टीचर के साथ मारपीट की और अभद्रता की। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तुरंत स्कूल पहुंच गया और मामले को शांत कराया।



# मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी

लखनऊ। पूर्वांचल के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की तलाश में सोमवार को ताबड़तोड़ छापेमारी जारी है। अब्बास अंसारी की तलाश में पुलिस राजधानी लखनऊ, गाजीपुर, मऊ नई दिल्ली और नोएडा स्थित आवास पर दबिश दी है। इसी कड़ी में पुलिस आज लखनऊ के कैंट इलाके के एक अपार्टमेंट में पहुंची पुलिस, जहां पूछताछ की जा रही है। दरअसल, वर्ष 2012 में लखनऊ से जारी शस्त्र का लाइसेंस बगैर सूचना दिए नई दिल्ली के पते पर स्थानांतरित कराने के मामले में गैरहाजिर चल रहे अभियुक्त अब्बास अंसारी के खिलाफ एमपी-एमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। बीते विधानसभा के चुनाव में अब्बास अंसारी मऊ से विधायक निर्वाचित हुए हैं व पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के पुत्र हैं। 12 अक्टूबर, 2019 को इस मामले की एफआईआर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने थाना महानगर में दर्ज कराई थी। वर्ष 2012 में लखनऊ के जिलाधिकारी ने अब्बास अंसारी के नाम डीबीबीएल गन का लाइसेंस जारी किया था। अब्बास अंसारी ने इस लाइसेंस को नई दिल्ली के पते पर स्थानांतरित करा लिया लेकिन इसकी पूर्व सूचना थाना महानगर को नहीं दी।



# भर्ती घोटालाः बड़ी मछली कब पकड़ी जाएगीः करन




विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस एसटीएफ द्वारा किए गए बीपीडीओ भर्ती घोटाले के खुलासे से संतुष्ट नहीं है उसके नेता करन माहरा का कहना है कि बड़ी मछलियों को कब पकड़ा जाएगा? उन्होंने कहा कि बिना बड़े नेताओं और अधिकारियों के इतनी बड़ी धांधली नहीं हो सकती है। इसलिए इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

कांग्रेस भवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि जिन 6 लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है वह तो छोटे लोग हैं, वह इस जांच से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पर्चा लीक से लाभान्वित होने वाले

### ❑छोटे खनन ठेकेदारों को खत्म करना चाहती है सरकार

अधिकारियों व उन परीक्षार्थियों का भी पता लगाया जाए उन्होंने इसका फायदा उठाया है। कांग्रेस इस मुद्दे को छोड़ने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि बिना बड़े अधिकारियों की मिलीभगत के यह नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग के घोटाले की भी जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार के मामलों को पचा नहीं सकती है।

उन्होंने कहा कि सरकार छोटे व्यवसायियों व ठेकेदारों को खत्म करती जा रही है। उन्होंने कहा कि खनन के छोटे ठेकेदारों की रायल्टी में लगातार भारी वृद्धि की जा रही है। उन्होंने कहा कि खनन प्रिय सरकार को बड़े खनन ठेकेदारों से अधिक फायदा पहुंचता है इसलिए छोटे ठेकेदारों का काम खत्म किया जा रहा है। उन्होंने छोटे ठेकेदारों से भारी वसूली की बात करते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोग उनकी रोजी-रोटी खत्म कर देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी दोनों अलग-अलग हैं। प्रदेश में बेरोजगारी की स्थिति बढ़ती जा रही है युवाओं को काम नहीं मिल रहा है। सूबे की सड़कों की स्थिति अत्यंत ही दयनीय हो गई है, आए दिन हादसे हो रहे हैं।

# धामी ने राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को शुभकामनाएं दीं

देहरादून (सं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत की राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमती मुर्मू जी, नारी अभ्युदय का स्वर्णिम प्रतीक हैं। मानवता का विकास, नए भारत का निर्माण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की पूर्णता नारी शक्ति के योगदान के बिना असंभव है।

# सेना का अधिकारी बता ठगे एक लाख रुपये

देहरादून (सं)। सेना का अधिकारी बताकर मकान किराये पर लेने के बहाने एक लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार टोंस कालोनी निवासी नेहा नेगी ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपने मकान को किराये पर देने के लिए विज्ञापन दिया था। उसको एक कॉल आया और काल करने वाले ने अपने आपको सेना में कैप्टन के पद पर कार्यरत बताया। उसने उससे मकान किराये पर लेने की इच्छा जाहिर की तथा एडवांस किराया देने के लिए उसके बैंक एकाउंट की जानकारी ली जिसके बाद उसके खाते से एक लाख 54 हजार रूपये निकल गये।

# बाल श्रम में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। बाल श्रम में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम प्रवर्तन अधिकारी पिंकी टम्टा ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने लाजपत रोड निवासी अनामिका अग्रवाल के द्वारा छोटे बच्चे रोहित से अपने यहां काम करवाया जा रहा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नैनीताल जिला कोर्ट में बिना मास्क पहने लोगों का प्रवेश वर्जित



हमारे संवाददाता

नैनीताल। कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर एक बार फिर उत्तराखण्ड में इसकी रोकथाम के प्रयास शुरू हो गये है। इस क्रम में आज से जिला कोर्ट नैनीताल में बिना मास्क पहने लोगों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार जिला कोर्ट नैनीताल के दो न्यायायिक अधिकारियों के कोरोना पाजिटिव पाये जाने के बाद आज से जिला कोर्ट में बिना मास्क पहने लोगों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। जिला कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं, कर्मचारियों सहित बाहरी लोगों को बिना मास्क पहने प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। सुरक्षा के चलते कोर्ट के गेट पर सुरक्षा कर्मी तैनात कर दिये गये है जो बिना मास्क पहने लोगों को कोर्ट परिसर में जाने से रोक रहे है। इसके अतिरिक्त कोर्ट आने वाले हर व्यक्ति की थर्मल स्क्रीनिंग भी की जा रही है। बताया जा रहा है कि सर्दी, जुखाम के लक्षणों वाले न्यायिक अधिकारी एक सप्ताह के लिए होम आइसोलेट है।

# फ्लाईओवर से गिरकर एक की मौत

संवाददाता

देहरादून। फ्लाईओवर से गिरकर एक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रातः रायवाला थाना पुलिस को सूचना मिली कि मोतीचूर फ्लाईओवर के नीचे रायवाला जाने वाले रास्ते में एक व्यक्ति का शव पडा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पुलिस ने शव की तलाशी ली तो शव से मिले आईडी से शव की पहचान वीर सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी मोतीचूर लाईनपार हरिपुर कलां के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार फ्लाईओवर के बीच की खाली जगह से नीचे गिरकर वीर सिंह की मौत हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजनो को सूचित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*